**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**04.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग की तत्परता से लगभग 95 प्रतिशत जलापूर्ति योजनाएं बहाल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में लॉटरी शुरू करने को बताया जनविरोधी।
- हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार को जयंती पर किया गया नमन।
- सांसद सिकंदर कुमार ने संसद में उठाया हिमाचल के आउटसोर्स कर्मचारियों का मुद्दा–स्थाई नीति बनाने की मांग की।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का दौर जारी–आगामी 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना।

## अब समाचार विस्तार से..........

### अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण उत्पन्न कठिन परिस्थितियों के बावजूद जल शक्ति विभाग ने 5 हजार 4 सौ 40 जलापूर्ति योजनाओं को अस्थायी रूप से बहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये कुल प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं का लगभग 95 प्रतिशत है। उप–मुख्यमंत्री ने विपरीत परिस्थितियों में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारी दिन–रात फील्ड में रहकर प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की बहाली में जुटे हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं को लगभग 4 सौ 34 करोड 47 लाख़ रुपये का नुकसान हुआ है और एक हजार 2 सौ 93 सिंचाई योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं।

### राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने आज बिलासपुर जिला के ऐतिहासिक मार्कंडेय मंदिर में पूजा–अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस दौरान पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में राज्यपाल ने मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के अपने दौरे की जानकारी दी। उन्होंने आपदा के कारण हुए जान–माल के नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा की इस घड़ी में क्षेत्र के लोगों ने साहस व दृढ़ता का परिचय दिया है और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, लोगों का मनोबल मजबूत बना हुआ है।

### जयराम ठाकुर

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लॉटरी को दोबारा शुरू करने के प्रदेश सरकार के फैसले को जनविरोधी बताया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल ने लोगों के घर उजड़ने और आत्म हत्याओं की घटनाओं के बाद लॉटरी को बंद किया था। जयराम ठाकुर ने कहा कि लॉटरी के कारण कई परिवार तबाह हुए और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने भी इसे बंद किया था।

जयराम ठाकुर ने कहा कि उन्होंने केंद्र सरकार से हिमाचल के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष एरिया प्रौजेक्ट स्पेसिफिक पैकेज की मांग की है।

## परमार जयंती

हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ यशवंत सिंह परमार को आज उनकी एक सौ 19वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ग्रामीण विकस व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस बीच अनिरूद्ध सिंह ने प्रदेश विधानसभा पुस्तकालय में डॉक्टर यशवंत सिंह परमार की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में भी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ0 यशवंत सिंह परमार को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने संसद में हिमाचल प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति निर्धारण का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हिमाचल में विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में करीब 30 हजार कर्मचारी आउटसोर्स पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सिकंदर कुमार ने कहा कि सरकारी विभागों में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की तरह ही कार्य करते हैं लेकिन उनके भविष्य पर सदा ही तलवार लटकी रहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार ने कोविड महामारी के दौरान आउटसोर्स के माध्यम से मैडिकल स्टाफ की भर्ती की थी लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इन कोरोना वारियर्स की सेवाओं को समाप्त कर दिया और विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को भी नौकरी से निकाल दिया गया। डॉक्टर सिंकदर कुमार ने सदन से आउटसोर्स कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इनके लिए ठोस व स्थाई नीति बनाने की मांग की।

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा में सात सौ 85 करोड़ 32 लाख रूपए की 37 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से ज़िले के बुनियादी ढांचे में सुधार होगा और लोगों की जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आएगा। कुलदीप पठानिया ने कहा कि जिले में विभिन्न परियोजनाओं पर करीब एक हजार पांच सौ करोड़ रूपए खर्च किए जा रहे हैं।

इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने चंबा के ऐतिहासिक चौगान में अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला पारितोषिक वितरण समारोह में भी शिरकत की और मेले के दौरान आयोजित खेल–कूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की वर्षा का दौर जारी है और भारी वर्षा से कई स्थानों पर जन–जीवन प्रभावित हुआ है। चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की बलोठ पंचायत में भूस्खलन के चलते लगभग एक दर्जन गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है। बलोठ पंचायत के प्रधान देवराज ने बताया कि क्षेत्र में भूस्खलन से आधा दर्जन गांव को भी खतरा हो गया है। प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन से एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 2 सौ 65 सडकें यातायात के लिए अवरूद्ध है। इसके अलावा 41 बिजली ट्रांसफार्मर और दो सौ 82 पेयजल योजनाएं भी ठप्प है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान किन्नौर व लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी 10 जिलों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है।

## रोजगार योजना

केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू की गई है, जिसके तहत नई नौकरी ज्वाईन करने वाले युवाओं का ईपीएफ काटा जाता है। नौकरी पर केन्द्र सरकार प्रोत्साहन और नियोक्ताओं को रोजगार सृजन के लिए मासिक ढंग से प्रोत्साहन राशि देगी। सोलन में युवाओं ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह केन्द्र सरकार की लाभकारी योजना है।

## ''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा– आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल शक्ति विभाग की तत्परता से लगभग 95 प्रतिशत जलापूर्ति योजनाएं बहाल।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में लॉटरी शुरू करने को बताया जनविरोधी।
- हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉक्टर यशवंत सिंह परमार को जयंती पर किया गया नमन।
- सांसद सिकंदर कुमार ने संसद में उठाया हिमाचल के आउटसोर्स कर्मचारियों का मुद्दा–स्थाई नीति बनाने की मांग की।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का दौर जारी–आगामी 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना।

———————————————